रविवार
24 ,मई , 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 104 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com

अपने क्षेत्र की समस्याएं बेधड़क लिखे
आपकी समस्या... आपकी आवाज...
हम उठाएंगे, समाज और प्रशासन तक पहुँचाएंगे!
हमारा पता है संपादक अपना नालंदा
व्हाट्सएप 9031468165

## पावापुरी में भाजपा प्रशिक्षण महाभियान शुरू, संगठन मजबूती पर जोर



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के पावापुरी स्थित जैन श्वेतांबर मंदिर सभागार में भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के जिला प्रशिक्षण वर्ग का शनिवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाना, पार्टी की विचारधारा से अवगत कराना तथा बूथ स्तर तक संगठन को और मजबूत बनाना है। शिविर में जिले भर से लगभग 250 भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

उद्घाटन सत्र में बिहार सरकार की खेल एवं उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह, भाजपा प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा, प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, बिहारशरीफ विधायक डॉ. सुनील कुमार, जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना, मुंगेर के पूर्व विधायक प्रणव यादव, बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष रणवीर नंदन तथा प्रशिक्षण महाभियान के प्रभारी दीपक प्रकाश सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को नियमित प्रशिक्षण देकर संगठन को मजबूत बनाती है। यही कारण है कि पार्टी वर्ष के 365 दिन सक्रिय रहती है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नेतृत्व क्षमता, संगठन कौशल और जनसंपर्क की दक्षता विकसित होती है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सफल आयोजन के बाद अब बिहार में भी व्यापक स्तर पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

राजनीतिक मुद्दों पर प्रतिक्रिया देते हुए श्रेयसी सिंह ने राष्ट्रीय जनता दल द्वारा चुनावी चंदे को लेकर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन हो चुका है और जनता का समर्थन खोने के बाद केवल बयानबाजी के सहारे सुर्खियां बटोरने की कोशिश कर रहा है।

खेल क्षेत्र के विकास पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार राज्य में खेल अधोसंरचना को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि बिहार की अपनी आईपीएल टीम हो, जिससे राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और अवसर मिल सके। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार आईपीएल टीम के गठन और आयोजन में हरसंभव सहयोग करेगी। साथ ही राजगीर में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में जल्द ही खेल गतिविधियां शुरू होने की संभावना व्यक्त की। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए राज्य के विभिन्न प्रखंडों में खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं।

भाजपा प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा ने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी राजनीतिक दल की वास्तविक शक्ति और आधार स्तंभ होते हैं। प्रशिक्षित और समर्पित कार्यकर्ता संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि नालंदा में भाजपा की स्थिति मजबूत है, लेकिन पार्टी का लक्ष्य प्रत्येक बूथ तक संगठन को और सशक्त बनाना है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं।

दो दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण वर्ग में कुल 12 सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन, चुनावी रणनीति, सेवा कार्य, सोशल मीडिया की भूमिका, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा पार्टी की विचारधारा पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, श्याम किशोर प्रसाद सिंह, अचल कुमार सिन्हा, आश्रिति शर्मा, चंद्रकांता सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, शैलेन्द्र कुमार, सुधीर सिंह, तेजस्विता राधा, साबो देवी, डॉ. अशुतोष कुमार, शिवशंकर दास, जिला महामंत्री वीरेन्द्र गोप, जिला मंत्री अमरेश कुमार, राजीव रंजन, योगेंद्र मंडल, रंजू कुमारी, कंचन कुमारी, कार्यालय मंत्री गोपाल कुमार, सतीश प्रसाद, सोनू कुमार हिंदू, धीरेंद्र रंजन, उजाला कुमार सोनी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष मणिकांत पासवान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रूचि श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सौरव जैन, आईटी सेल संयोजक अमित शान, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास चंद्रवंशी, क्रीड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जयराम कुमार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मंत्री श्रवण कुमार ने आपदा पीड़ितों को राहत राशि सौंपी



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार को विभिन्न आपदाओं से प्रभावित परिवारों के बीच कुल 4 लाख 75 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आपदा पीड़ितों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि प्रभावित परिवारों को कठिन समय में राहत मिल सके।

कार्यक्रम में हसनपुर निवासी भरत यादव को मवेशी क्षति के लिए 37 हजार 500 रुपये, डुमरी निवासी अशोक कुमार को मवेशी क्षति के लिए 37 हजार 500 रुपये तथा नेकपुर निवासी बेबी देवी को आपदा सहायता के तहत4 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। गांवों में सड़क, बिजली, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हुआ है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का स्वरूप बदला है। उन्होंने कहा कि राज्य में सड़क नेटवर्क का व्यापक विस्तार किया गया है और लगभग सभी गांवों को सड़क संपर्क से जोड़ा गया है।

उन्होंने पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं को जीविका समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण और विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है।

इस अवसर पर जदयू नेता मुन्ना कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम सिंह, प्रमुख रानी देवी, नगर अध्यक्ष राकेश कुमार तथा देवेन्द्र कुशवाहा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने की मांग, ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को सौंपा आवेदन



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सरमेरा प्रखंड के घनुकी हल्का अंतर्गत प्रणावाँबीघा गांव के ग्रामीणों ने गैर मजरुआ आम भूमि पर हो रहे कथित अतिक्रमण को लेकर अंचलाधिकारी को आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि मौजा प्रणावों के खेसरा संख्या 594, 595, 611, 613, 1409, 1411, 1441, 1442 एवं 1748 की सरकारी भूमि पर कुछ लोगों द्वारा पक्का निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है, जबकि कुछ स्थानों पर वर्तमान में भी निर्माण कार्य जारी है।

आवेदन में कहा गया है कि संबंधित भूमि पर बने प्राकृतिक जल निकासी मार्ग (खत्ता) को मिट्टी भरकर बंद कर दिया गया है, जिससे वर्षा और नाले का पानी निकल नहीं पा रहा है। इसके कारण सड़क पर लगातार जलजमाव बना रहता है, सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है तथा आवागमन प्रभावित होने से अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अतिक्रमण करने वाले अधिकांश लोगों के पास पर्याप्त निजी भूमि उपलब्ध है, इसके बावजूद सरकारी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है।

उन्होंने प्रशासन से अतिक्रमित भूमि को शीघ्र खाली कराने तथा जल निकासी व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन की प्रतिलिपि भूमि सुधार उपसमाहर्ता, अपर समाहर्ता, जिलाधिकारी, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मुख्य सचिव तथा मुख्यमंत्री को भी भेजी गई है।

ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन त्वरित कार्रवाई कर आम लोगों को जलजमाव और जाम की समस्या से राहत दिलाएगा।

# मलमास मेले में डीएम-एसपी का रात्रि निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। राजगीर में आयोजित मलमास मेला-2026 के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में शुक्रवार देर रात नालंदा के जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने ब्रह्मकुंड परिसर, आवासन स्थलों तथा संपूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति की जांच की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि ड्यूटी में लापरवाही अथवा अनुपस्थित पाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी आवासन स्थलों का भी निरीक्षण कर वहां ठहरे श्रद्धालुओं से बातचीत की तथा उनकी सुविधाओं की जानकारी ली। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रशासन द्वारा वृद्ध एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है। आपदा मित्रों की टीम श्रद्धालुओं को ब्रह्मकुंड तक पहुंचाने और स्नान कराने में सहयोग कर रही है। वहीं कतार में खड़े श्रद्धालुओं को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।गर्मी से राहत के लिए जिग-जैग बैरिकेडिंग क्षेत्र में मिस्ट कूलर, मिस्ट फैन और स्प्रे की व्यवस्था की गई है। एलईडी स्क्रीन पर प्रसारित भक्ति गीत श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहे हैं। प्रशासन ने दावा किया है कि मेले में सुरक्षा और सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था की गई है, जिसकी श्रद्धालु भी सराहना कर रहे हैं।

# राजगीर नगर अध्यक्ष बने आशुतोष, जदयू नेताओं ने दी शुभकामनाएं

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा द्वारा जारी संगठनात्मक सूची में राजगीर नगर परिषद अध्यक्ष पद पर आशुतोष कुमार पाण्डेय के मनोनयन की घोषणा की गई है। मनोनयन के बाद आशुतोष कुमार पाण्डेय ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया।



उनके मनोनयन पर जदयू जिलाध्यक्ष मोहम्मद अरशद, बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधायक कौशल किशोर, विधान परिषद सदस्य नीरज कुमार सिंह, विधान परिषद सदस्या रीना यादव, जदयू राष्ट्रीय महासचिव इंजीनियर सुनील कुमार तथा मनीष वर्मा सहित कई नेताओं ने शुभकामनाएं दीं। सभी नेताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में राजगीर नगर क्षेत्र में जदयू संगठन और अधिक मजबूत होगा।

आशुतोष कुमार पाण्डेय ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता राजगीर नगर परिषद क्षेत्र में पार्टी संगठन को मजबूत बनाना तथा एनडीए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगरी राजगीर बिहार की पहचान है और यहां आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों के बीचबिहार की सकारात्मक छवि को और सशक्त बनाने के लिए कार्य किया जाएगा। साथ ही युवाओं, महिलाओं, छात्रों, व्यवसायियों तथा गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। मनोनयन पर सुबोध कुमार मोदी, अनुराग पाण्डेय, जयराम सिंह, मुन्ना पटेल, मनोज प्रसाद, डॉ. अनिल कुमार, विकास कुशवाहा, चंदन कुशवाहा, मीरा कुमारी, सुवेन्द्र राजवंशी, उमेश भगत, अनमोल वर्मा, मनीष पटेल, राजीव रंजन पटेल, संतोष कुशवाहा, विशन कुमार विट्टू, कुमार मंगलम, शशिकांत टोनी, रिक्की जी, भवानी सिंह, सन्नी पटेल, वीपीन कुमार सिन्हा, आलोक कुशवाहा, संजय कुमार, अभिमन्यु पटेल, जयंत सिंह, कुन्दन कुमार, मिथलेश पाण्डेय, मृत्युंजय पाण्डेय, मृत्युंजय नाथ गोपाल, केडी यादव, सुजीत कुमार, रीतेश गांधी, निरंजन कुमार, नीरज कुमार, गुड्डू पाठक, विकास उपाध्याय एवं सुधीर उपाध्याय सहित अनेक लोगों ने बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।









# बकरीद पर शांति बनाए रखें, अफवाहों से रहें सतर्क: पुलिस




चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार की शाम चंडी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अखिलेश झा ने की। इसमें जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लेकर पर्व के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने पर जोर दिया।

बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष अखिलेश झा ने कहा कि बकरीद आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का पर्व है। सभी लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले आपत्तिजनक पोस्ट, वीडियो एवं भड़काऊ संदेशों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें।उन्होंने कहा कि नमाज के दौरान शांति एवं अनुशासन बनाए रखना सभी की जिमेदारी है। किसी भी प्रकार के विवाद या तनाव की स्थिति में कानून को अपने हाथ में न लें, बल्कि प्रशासन को सूचित करें। पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं और पुलिस प्रशासन लगातार संवेदनशील क्षेत्रों पर नजर बनाए हुए है।

बैठक के दौरान उपस्थित लोगों ने नाबालिग युवकों द्वारा तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने का मुद्दा भी उठाया। लोगों ने कहा कि ऐसे वाहन चालकों के कारण राहगीरों और आम लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। इस पर पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की गई।बैठक में पूर्व जिला पार्षद निरंजन मालाकार, उप प्रमुख दया यादव, रुखाई मुखिया प्रतिनिधि मसुधन प्रसाद, समाजसेवी प्रेम कुमार सिन्हा, सुखदेव प्रसाद, अर्जुन यादव, नरेश पासवान, संजय कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पत्नी के मायके जाते ही युवक ने उठाया आत्मघाती कदम, मौत



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। चंडी थाना क्षेत्र के रुखाई गांव में शनिवार सुबह एक युवक का शव नीम के पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान रुखाई मुशहरी निवासी स्वर्गीय विनोद मांझी के 32 वर्षीय पुत्र शिवकुमार मांझी के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार शाम घरेलू विवाद को लेकर शिवकुमार और उसकी पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद शनिवार तड़के उसकी पत्नी अपने चार बच्चों के साथ हिलसा थाना क्षेत्र के शेखोपुर स्थित मायके चली गई थी।


स्थानीय लोगों ने बताया कि शिवकुमार कुछ समय से मानसिक तनाव में भी रहता था। शनिवार सुबह खेत की ओर जा रहे ग्रामीणों की नजर गांव के ठीका खंधा स्थित एक नीम के पेड़ पर लटके शव पर पड़ी।

सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। घटना से मृतक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शिवकुमार अपने पीछे पत्नी, एक बेटी और तीन बेटों समेत चार छोटे बच्चों को छोड़ गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।थानाध्यक्ष अखिलेश झा ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।









# हरनौत बाजार में स्टाइल बाजार मॉल का हुआ उद्घाटन



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।स्थानीय बाजार के रांची रोड़ अवस्थित सरकारी अस्पताल के सामने शनिवार को स्टाइल बाजार मॉल का उद्घाटन द्वीप प्रजवल्लित तथा फीता काट कर किया गया।इस दौरान सासंद कौशलेंद्र कुमार,पूर्व विधायक ई. सुनिल कुमार,उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेश सिंह,जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार, जोनल मैनेजर ( बिहार एवं झारखंड) मयंक चौधरी, एरिया मैनेजर (बिहार एवं झारखंड) रघुविद्र सिंह

सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित पहुंचे थे।

वहीं मौके पर उपस्थित मॉल प्रबंधक हरेराम राय ने कहा कि पूरे देश के विभिन्न नौ राज्यों में 272 स्टाइल बाजार का मॉल है। यहां हरनौत में 273वां मॉल खोला गया। स्टाइल बाजार जैसी राष्ट्रीय स्तर के मॉल के यहां खुलने से क्षेत्र के लोगों को नयी फैशन और विशाल रेंज के साथ खरीदारी करने का मौका मिलेगा। पहले ऐसे ब्रांड बड़े शहरों तक ही सीमित थे। जिस कारण लोगों को नये फैशन और बड़े रेंज में विकल्प चुनने के लिए बड़े शहरों का रूख करना पड़ता था।बताया कि स्टाइल मार्ट सबसे सस्ता और सबसे अच्छा प्रोडक्ट देने के लिए विख्यात है। यहां 199 रुपये से लेकर दो हजार रुपए से ऊपर तक तकरीबन 50 प्रकार के कलेक्शन एक हीं भवन के नीचे उपलब्ध है।कहा बाजार से सस्ता और सबसे अच्छा समान ग्राहकों को दे रहे हैं और जो लोग 999 रुपये की खरिदारी करेगें उनके लिए हमलोग निश्चित उपहार भी लेकर आये है।उसे मिलेगें । इसमें एक लक्की ड्रा कूपन मिलेगी। इसमें टीवी ,स्कूटर फ्रिज आदि निश्चित उपहार शामिल हैं । मौके पर बीडीओ डॉ पंकज कुमार,सीओ पुजा कुमारी, धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह,चैनपुर निवासी उमेश कुमार, नितिश कुमार व उनके मां ,मॉल के प्रोजेक्ट मैनेजर संतोष गुप्ता,थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा , पार्षद श्याम बालक साव,कक्कू,बंटी, टुनटुन समेत अन्य मौजूद थे।

# छठीं बार जदयू प्रखंड अध्यक्ष बने रविकांत



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।स्थानीय बाजार के पटेल नगर मुहल्ले के निवासी रविकांत कुमार अब छठी बार जद(यू) प्रखंड अध्यक्ष के कमान संभालेंगे।उनके छठी बार प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने से स्थानीय जदयू कार्यकर्ताओं में उत्साह है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिली है। उनके कार्यकाल में कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने का अवसर प्राप्त हुआ। वहीं प्रखंड अध्यक्ष श्री कुमार ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, सासंद कौशलेंद्र कुमार,हरनौत विधायक हरिनारायण सिंह समेत अन्य के प्रति आभार व्यक्त किया है। वहीं जद(यू) प्रखंड प्रवक्ता रौशन ने बधाई देते हुए कहा कि उन्हें छठी बार जद(यू) प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा द्वारा प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया है।

वहीं छठी बार जद(यू) प्रखंड अध्यक्ष बनाने पर हरनौत बाजार स्थित जद(यू) पार्टी कार्यालय में लोगों ने गुलदस्ता भेंट कर एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दी। कार्यकर्ताओं ने उनके पुनः मनोनयन के लिए प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।इस दौरान प्रो. शंभू प्रसाद,दिपक, धनंजय, संजय, दिनेश कुमार, नितिश, विष्णुकांत ,बंटी, टुनटुन,कारू, रामप्रवेश, कक्कू आदि कार्यकर्ताओं सहित कई अन्य लोगों ने रविकांत कुमार को बधाई दी।

कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन और अधिक मजबूत होगा। साथ ही, क्षेत्र में विकास कार्यों को भी गति मिलेगी।






# बेन प्रखंड कार्यालय में बिना रिश्वत नहीं होता कोई काम!

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के बेन प्रखंड एवं अंचल कार्यालय पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद कुमार उर्फ भोली बाबू ने आरोप लगाया है कि प्रखंड और अंचल कार्यालय इन दिनों भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा हुआ है, जहां आम लोगों का कोई भी कार्य बिना रिश्वत के नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अरविंद कुमार उर्फ भोली बाबू ने कहा कि विभिन्न सरकारी योजनाओं, दाखिल-खारिज, भूमि संबंधी मामलों, जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए लोगों को कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ता है। इसके बावजूद उनका काम समय पर नहीं होता। उनका आरोप है कि कार्यालयों में दलालों का एक संगठित नेटवर्क सक्रिय है, जिसके माध्यम से ही अधिकांश कार्य कराए जाते हैं। यदि कोई व्यक्ति सीधे कार्यालय पहुंचकर अपना कार्य कराने का प्रयास करता है तो उसे अनावश्यक आपत्तियों और तकनीकी कारणों का हवाला देकर टाल दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की शिकायत है कि बिना अवैध राशि दिए फाइलें आगे नहीं बढ़तीं। कई लोग मजबूरी में दलालों का सहारा लेते हैं, जिससे भ्रष्टाचार को और बढ़ावा मिल रहा है। सरकारी व्यवस्था में पारदर्शिता और




जवाबदेही की कमी के कारण जनता का भरोसा प्रशासनिक तंत्र से उठता जा रहा है।

भोली बाबू ने कहा कि बेन प्रखंड कार्यालय को ऐसे ईमानदार और कठोर प्रशासनिक नेतृत्व की आवश्यकता है जो भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा सके। उन्होंने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा कार्यालयों में सक्रिय दलालों एवं भ्रष्टाचार में संलिप्त कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आम जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर भ्रष्टाचार के कारण लोगों को उनका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आम जनता का प्रशासन पर विश्वास और कमजोर होगा।

सामाजिक कार्यकर्ता ने जिला पदाधिकारी एवं वरीय अधिकारियों से हस्तक्षेप कर बेन प्रखंड एवं अंचल कार्यालय की कार्यप्रणाली की जांच कराने तथा आम लोगों को बिना किसी अवैध वसूली के सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।


# गोदाम में बिजली चोरी पकड़ी गई, दस हजार से अधिक क्षति

थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी प्रखंड के डीहा गांव में बिजली चोरी का मामला उजागर होने के बाद विद्युत विभाग ने संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग की विशेष छापेमारी टीम ने एक गोदाम में जांच के दौरान अवैध रूप से बिजली उपयोग किए जाने का खुलासा किया।

जानकारी के अनुसार कनीय विद्युत अभियंता संकेत कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने डीहा गांव स्थित एक गोदाम की जांच की। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गोदाम संचालक उपेन्द्र कुमार द्वारा एलटी लाइन में टोका फंसाकर सीधे बिजली की आपूर्ति ली जा रही थी। विभागीय अधिकारियों ने इसे बिजली चोरी का मामला मानते हुए तत्काल कार्रवाई की।विद्युत विभाग के अनुसार अवैध बिजली उपयोग के कारण विभाग को 10 हजार 606 रुपये की राजस्व क्षति हुई है। छापेमारी के दौरान टीम ने आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए तथा मौके पर ही जांच प्रतिवेदन तैयार किया। कार्रवाई में विभाग के अन्य कर्मी भी मौजूद रहे।कनीय विद्युत अभियंता संकेत कुमार ने बताया कि बिजली चोरी के विरुद्ध विभाग लगातार अभियान चला रहा है और ऐसे मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली उपयोग करने की अपील की।इस संबंध में थरथरी थाना में आवेदन देकर भारतीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# जमालपुर मोड़ के पास टोटो पलटा, डाकवाहक गंभीर रूप से घायल

थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी थाना क्षेत्र के जमालपुर मोड़ के समीप शनिवार को एक टोटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उस पर सवार डाकवाहक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, थरथरी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।घायल डाकवाहक की पहचान प्रतापुर डाकघर में कार्यरत अनिल चौधरी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि वह प्रतापुर डाकघर से डाक लेकर टोटो के माध्यम से अस्ता जा रहे थे। इसी दौरान जमालपुर मोड़ के पास वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं।घटना की सूचना मिलते ही डाक विभाग के कर्मी भी मौके पर पहुंचे और घायल कर्मचारी की सहायता की। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनकी स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।




# तीन वर्षों में बनेगा गंगा एक्सप्रेस-वे, बिहार बनेगा एआई हब : सम्राट चौधरी

जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को पटना स्थित ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित 'बिहार एआई समिट-2026' का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बिहार के विकास, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), शिक्षा, आधारभूत संरचना, उद्योग, रोजगार और सुशासन को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में एआई जीवन का अभिन्न हिस्सा बनने जा रहा है और बिहार को तकनीक आधारित विकास के नए युग में अग्रणी राज्य बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।


अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में संचार क्रांति आई है और आज लगभग 120 करोड़ भारतीय मोबाइल फोन का उपयोग कर रहे हैं। इस डिजिटल युग में एआई की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में बिजली, सड़क और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया, जिसके कारण अब राज्य तेज गति से विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनना है तो बिहार का समृद्ध होना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने बिहार के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि मगध की धरती ने पूरे देश को दिशा दी है। नालंदा विश्वविद्यालय का पुनर्स्थापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयासों से संभव हुआ। उन्होंने घोषणा की कि चालू वित्तीय वर्ष में ही विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

एआई के उपयोग पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभागों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी और आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव होगा। पंचायत स्तर पर आयोजित सहयोग शिविरों में भी एआई आधारित तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी शिकायत पर 30 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो 31वें दिन संबंधित अधिकारी के विरुद्ध मुख्यमंत्री कार्यालय कार्रवाई करेगा।

शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि राज्य के सभी 534 प्रखंडों में मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएंगे। पटना में 10 तथा गया, बिहारशरीफ, भागलपुर, पूर्णिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, हाजीपुर और छपरा जैसे नगर निगम क्षेत्रों में 5-5 मॉडल स्कूल खोले जाएंगे। छोटे जिलों में भी 3 से 4 मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों को इतनी उच्च गुणवत्ता का बनाया जाएगा कि मंत्री और अधिकारी भी अपने बच्चों का नामांकन यहां कराने की इच्छा रखें।

आधारभूत संरचना को लेकर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि लगभग 30 हजार करोड़ रुपये की लागत से 125 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण पीपीपी मॉडल के तहत अगले तीन वर्षों में पूरा किया जाएगा।



इस परियोजना से राज्य में आवागमन, व्यापार और निवेश को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि जुलाई माह में 211 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

उद्योग और ऊर्जा क्षेत्र पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में औद्योगिक विकास के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति आवश्यक है। केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में 20 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने बिहार के प्रवासियों से भी राज्य के विकास में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि जो लोग बिहार से बाहर रहकर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं, उनका सम्मान किया जाता है, लेकिन जो लोग रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं, उनके लिए बिहार में ही रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार लगातार प्रयासरत है।

कानून-व्यवस्था पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति सरकार की नीति पूरी तरह सख्त है। यदि कोई अपराधी पुलिस को चुनौती देता है तो 48 घंटे के भीतर उसके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपराधी किसी भी जाति, वर्ग या धर्म का हो, कानून सबके लिए समान है। पुलिसिंग में भी एआई आधारित तकनीकों का उपयोग बढ़ाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार को एआई हब बनाने के लिए सरकार जल्द ही व्यापक एआई नीति लाएगी। उन्होंने युवाओं, तकनीकी विशेषज्ञों और उद्यमियों से सुझाव एवं सहयोग देने का आह्वान किया। उनका कहना था कि तकनीक, नवाचार और युवाओं की ऊर्जा के बल पर बिहार देश के अग्रणी विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा।

कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नीतीश मिश्रा, विभागीय सचिव अभय कुमार सिंह, भारत जीपीटी के संस्थापक अंकुश अग्रवाल तथा क्यूएलएसएस के निखिल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मंत्री नीतीश मिश्रा ने मुख्यमंत्री का हरित पौधा एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, नवप्रवर्तक, नीति-निर्माता, तकनीकी विशेषज्ञ और बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मॉडल विद्यालय शिक्षक चयन में धांधली के आरोप, जांच की मांग तेज




अखिलेंद्र कुमार

पटना(अपना नालंदा)। मॉडल विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों के पदस्थापन के लिए हुई चयन प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए तेजस्वी फैंस एसोसिएशन की सचिव गायत्री देवी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना को शिकायत पत्र सौंपकर व्यापक अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। शिकायत में चयन प्रक्रिया को पूरी तरह रद्द कर नए सिरे से पारदर्शी तरीके से भर्ती कराने की मांग की गई है।

गायत्री देवी द्वारा 22 मई 2026 को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि मॉडल विद्यालयों के लिए शिक्षकों के चयन में निर्धारित मानकों की अनदेखी की गई है। आरोप है कि योग्यता और उपलब्धियों के आधार पर अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को चयन सूची से बाहर कर दिया गया, जबकि आवश्यक मानदंड पूरे नहीं करने वाले कुछ अभ्यर्थियों का चयन कर लिया गया। इससे पूरी चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लग गया है।

शिकायत में व्यवसाय अध्ययन (बिजनेस स्टडीज) विषय की अभ्यर्थी तसनीम कौसर का उदाहरण दिया गया है। आवेदन के अनुसार तसनीम कौसर ने अपने आपत्ति पत्र में दावा किया है कि उन्होंने शैक्षणिक नवाचार, ई-कंटेंट निर्माण तथा कक्षा संचालन में तकनीकी संसाधनों के उपयोग से संबंधित सभी आवश्यक प्रमाण साक्षात्कार बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किए थे। इसके बावजूद उन्हें इन मापदंडों में शून्य अंक प्रदान कर दिए गए। दूसरी ओर चयनित अभ्यर्थी जयति कुमारी को इन बिंदुओं पर अधिक अंक दिए गए, जबकि उनके आवेदन पत्र में शिक्षण अनुभव, मूल्यांकन कार्य, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-कंटेंट से संबंधित कार्यों के कॉलम में 'नहीं' अंकित था।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि चयनित अभ्यर्थी द्वारा मूल्यांकन कार्य अथवा ई-कंटेंट निर्माण का कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किए जाने के बावजूद उन्हें अंक प्रदान किए गए। इससे यह आशंका मजबूत होती है कि मूल्यांकन प्रक्रिया में पक्षपात अथवा मनमानी की गई है। आवेदन में कहा गया है कि यदि प्रस्तुत दस्तावेजों और प्राप्तांकों का निष्पक्ष मिलान कराया जाए तो कई विसंगतियां सामने आ सकती हैं।

गायत्री देवी ने यह भी आरोप लगाया है कि चयन प्रक्रिया में अन्य कई ऐसे मामले हैं, जिनमें अधिक योग्य अभ्यर्थियों को नजरअंदाज कर कम योग्य उम्मीदवारों का चयन किया गया।

उन्होंने दावा किया कि आवश्यकता पड़ने पर ऐसे अन्य मामलों से संबंधित दस्तावेज और साक्ष्य भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुछ ऐसे अभ्यर्थियों का चयन किया गया है, जिन्हें नियमानुसार चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं होना चाहिए था। उदाहरण के तौर पर टीआरई-3 श्रेणी से जुड़े एक अभ्यर्थी का चयन किए जाने का आरोप लगाया गया है, जिसकी सूची क्रमांक 473 बताई गई है।

शिकायतकर्ता ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से संपूर्ण चयन प्रक्रिया की उच्चस्तरीय जांच कराने, चयन सूची को निरस्त करने तथा नई विज्ञप्ति जारी कर पूरी पारदर्शिता के साथ शिक्षकों का पुनः चयन कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई तो उच्च अधिकारियों और संबंधित विभागों के समक्ष विस्तृत शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

इस शिकायत के सामने आने के बाद मॉडल विद्यालय शिक्षक चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर शिक्षा जगत में चर्चा तेज हो गई है।

अब सभी की निगाहें जिला शिक्षा विभाग की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।



# मुख्यमंत्री से मिले उद्योगपति भोला बाबू, निवेश और विकास पर हुई चर्चा



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। अरिस्टो फार्मा कंपनी के प्रबंध निदेशक उमेश शर्मा उर्फ भोला बाबू ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर राज्य में औद्योगिक निवेश और विकास की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

सूत्रों के अनुसार बैठक में बिहार में नए उद्योगों की स्थापना, निवेशकों को आकर्षित करने तथा रोजगार सृजन के मुद्दों पर गंभीर बातचीत हुई। भोला बाबू ने मुख्यमंत्री के समक्ष राज्य में उद्योग लगाने की प्रक्रिया को और सरल एवं पारदर्शी बनाने का सुझाव रखा। उन्होंने कहा कि निवेशकों को कई प्रशासनिक प्रक्रियाओं और औपचारिकताओं से गुजरना पड़ता है, जिससे उद्योग स्थापित करने में समय और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने राज्य में प्रभावी सिंगल विंडो सिस्टम को मजबूत करने तथा उद्योग स्थापना से जुड़ी प्रक्रियाओं को आसान बनाने पर जोर दिया। उनका मानना है कि यदि उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जाए तो बड़ीसंख्या में निवेशक बिहार की ओर आकर्षित होंगे और स्थानीय युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

भोला बाबू ने बताया कि उनकी संस्था सीएसआर गतिविधियों के तहत बिहार के कई गांवों में विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार से जुड़े उद्योग यदि राज्य के भीतर ही अपनी इकाइयां स्थापित करें तो आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने उनके सुझावों को गंभीरता से सुना और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक सुधारों पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया।

# उपमुख्यमंत्री ने 43 करोड़ की सिंचाई परियोजनाओं का किया शुभारम्भ



अजीत कुमार



जहानाबाद (अपना नालंदा)। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत पुनहदा पंचायत के नौगढ़ गांव में सिंचाई प्रमंडल, जहानाबाद की विभिन्न सिंचाई योजनाओं के पुनर्स्थापन एवं सम्पोषण कार्य का शुभारम्भ शनिवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने रिमोट के माध्यम से किया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने उपमुख्यमंत्री का पौधा भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना और कृषि उत्पादन को बढ़ावा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि पुनहदा पंचायत के विभिन्न गांवों में संचालित इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए लगभग 42.98 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत नौगढ़ वीयर और सेसम्भा वीयर से निकलने वाली नहरों का पुनर्स्थापन किया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए सड़क और बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण कराया जाएगा। विभिन्न नहरों एवं पईनों में जल प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए एचआर-कम-ब्रिज, सीआर-कम-ब्रिज, चैनल निर्माण समेत कई संरचनात्मक कार्य भी किए जाएंगे।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से मखदुमपुर प्रखंड के अनेक गांवों के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा तथा सिंचाई व्यवस्था मजबूत होगी। यह परियोजना मोरहर नदी बेसिन क्षेत्र से जुड़ी हुई है।

कार्यक्रम में मखदुमपुर विधायक सुबेदार दास, पूर्व सांसद चन्देश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी, पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसपी के सख्त निरीक्षण से थानों में बढ़ी जवाबदेही और सक्रियता



अजीत कुमार



जहानाबाद (अपना नालंदा)। जहानाबाद जिले में पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान के नेतृत्व में पुलिस व्यवस्था में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिल रहा है। उनके लगातार निरीक्षण और कड़े निर्देशों का असर जिले के सभी थानों में दिखाई दे रहा है। थानों में लंबित मामलों के निष्पादन और अनुसंधान कार्यों में तेजी आई है, जिससे पुलिसकर्मियों की सक्रियता बढ़ी है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थानों में लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अनुसंधानकर्ताओं द्वारा कांड दैनिकी का लेखन और अद्यतन कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। इसका उद्देश्य अनुसंधान प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना, जवाबदेही सुनिश्चित करना तथा पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाना है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक स्वयं रात्रि के समय विभिन्न थानों का निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। उनके साथ पुलिस उपाधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर कानून-व्यवस्था कीस्थिति पर नजर रख रहे हैं।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के निष्पादन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुसंधान पद्धति का उपयोग कर मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप कईमामलों में त्वरित कार्रवाई हुई है और अपराधियों की गिरफ्तारी में भी तेजी आई है।

पुलिस अधिकारियों का मानना है कि सतत निगरानी, जवाबदेही और टीमवर्क के बल पर जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा रहा है।

# अग्नि सुरक्षा जागरूकता हेतु शहरभर में लगाए गए बैनर-होर्डिंग्स

अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला प्रशासन के निर्देश पर अग्नि सुरक्षा के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अग्नि सुरक्षा संबंधी बैनर एवं होर्डिंग लगाए गए हैं। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को आगजनी की घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी देना तथा संभावित दुर्घटनाओं को रोकना है।

जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर चलाए जा रहे इस जनजागरूकता अभियान की जानकारी देते हुए जिला अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि बैनर एवं होर्डिंग के माध्यम से खेत-खलिहानों में आग लगने से बचाव, विद्युत उपकरणों से होने वाली आग की रोकथाम, ग्रामीण क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा उपाय, भवनों में अग्निशमन व्यवस्था, मवेशियों की सुरक्षा तथा आग लगने की स्थिति में क्या करें और क्या न करें जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम और फसल कटाई के दौरान आग लगने की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में सावधानी और जागरूकता ही सबसे प्रभावी बचाव का माध्यम है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अग्नि सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की अग्नि दुर्घटना या आपात स्थिति में तत्काल अग्निशमन सेवा के टोल फ्री नंबर 101 अथवा 112 पर सूचना दें।

जिला प्रशासन ने कहा कि सामूहिक जागरूकता, सतर्कता और समय पर उठाए गए एहतियाती कदमों से ही अग्नि दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव है तथा जन-धन की हानि को रोका जा सकता है।


Kalope
HOMES
Now in
BIHAR SHARIF
PREMIUM MODULAR KITCHEN
@ ₹99,999 में.
Upgrade Your Home with Luxurious uPVC Kitchen
ZERO
WOOD
TECHNOLOGY
No Wood
100%
Waterproof
uPVC
Termite
Proof
Low
Maintenance
10
YEAR
WARRANTY
LIMITED OFFER FOR FIRST 20 CUSTOMERS ONLY
BOOK FREE SITE VISIT »
+91 74887 06578
*T&C Apply | Limited Offer

# रेल ठहराव का शुभारंभ कर सांसद विवेक ठाकुर ने पीड़ित परिवारों से की मुलाकात



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। नवादा के सांसद विवेक ठाकुर ने संसदीय क्षेत्र के दौरे के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए विकास कार्यों का शुभारंभ किया तथा पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

दौरे के दौरान सांसद ने बाघी बरडीहा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए गया–जमालपुर फास्ट मेमू ट्रेन (63387/63388) के ठहराव का शुभारंभ किया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि ट्रेन के ठहराव से क्षेत्र के हजारों यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और स्थानीय संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है।

इसके बाद सांसद वारिसलीगंज प्रखंड के बाली गांव पहुंचे, जहां उन्होंने अत्यंत पिछड़ा वर्ग की एक बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म की घटना के पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह घटना



अत्यंत दुखद और समाज को शर्मसार करने वाली है। सांसद ने बताया कि मामले में दो आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है तथा अन्य आरोपितों की पहचान कर उनके विरुद्ध भी कठोर कानूनीकार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष और त्वरित जांच सुनिश्चित करने की मांग की।

सांसद विवेक ठाकुर ने वारिसलीगंज के बेल्धा गांव में ककोलत में मृत आईआईटी छात्र धर्मराज कुमार के परिजनों से भी मुलाकात की और अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की बात की। इसके अलावा उन्होंने शेखोपुरसराय, वारिसलीगंज और हिसुआ में विभिन्न श्राद्धकर्म कार्यक्रमों में शामिल होकर शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# विधायक की मौजूदगी में नगर परिषद बैठक बनी विवाद का केंद्र





संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। हिसुआ नगर परिषद की सामान्य बैठक शनिवार को भारी हंगामे के बीच बिना किसी ठोस निर्णय के समाप्त हो गई। बैठक के दौरान मुख्य पार्षद पूजा कुमारी और वार्ड पार्षदों के बीच तीखी नोकझोंक होने से माहौल तनावपूर्ण हो गया। विवाद बढ़ने पर उपमुख्य पार्षद समेत कई वार्ड पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार कर सभाकक्ष से बाहर निकल गए।

बैठक में स्थानीय विधायक अनिल सिंह भी मौजूद थे। नगर परिषद क्षेत्र के विकास कार्यों, विभिन्न योजनाओं और प्रशासनिक प्रस्तावों पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई गई थी। इसी दौरान कई वार्ड पार्षदों ने विकास योजनाओं के क्रियान्वयन, खर्च की पारदर्शिता तथा निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी को लेकर सवाल उठाए।


पार्षदों का आरोप था कि उनकी बातों को गंभीरता से नहीं सुना जा रहा है और नगर परिषद में कई निर्णय एकतरफा तरीके से लिए जा रहे हैं। उपमुख्य पार्षद टिंकू चौधरी ने कहा कि जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर पार्षदों की राय की उपेक्षा की जा रही है, जिससे जनप्रतिनिधियों में असंतोष बढ़ रहा है।

विवाद बढ़ने के बाद उपमुख्य पार्षद सहित सभी वार्ड पार्षदों ने विधायक के समक्ष ही बैठक का बहिष्कार कर दिया। पार्षदों के बाहर निकल जाने से बैठक की कार्यवाही प्रभावित हुई और कोई महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लिया जा सका।

बैठक के बाद नाराज पार्षदों ने कहा कि जब तक कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की जाती और उनकी बातों को महत्व नहीं दिया जाता, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। इस घटनाक्रम के बाद हिसुआ नगर परिषद की राजनीति में नई चर्चा शुरू हो गई है।

# जनता दरबार में भूमि विवाद के मामले का त्वरित निष्पादन हुआ

संजय वर्मा



नवादा (अपना नालंदा)। हिसुआ अंचल कार्यालय में शनिवार को अंचलाधिकारी डॉ. सुमन सौरभ की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। भूमि संबंधी विवादों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित इस जनता दरबार में तीन मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें से एक मामले का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जबकि दो अन्य मामलों में संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया गया।

जनता दरबार में ग्राम दोना डिहरी निवासी शिव शंकर कुमार, पिता ईश्वरी प्रसाद, के भूमि विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई कर आवश्यक दस्तावेजों और तथ्यों की जांच के बाद ऑन स्पॉट समाधान किया गया। इससे संबंधित पक्षों को तत्काल राहत मिली।

वहीं तुंगी चक निवासी जमाल खान तथा तुंगी निवासी पुष्प लता कुमारी के मामलों में दोनों पक्षों की विस्तृत सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित करते हुए नोटिस जारी किया गया। प्रशासन ने संबंधित पक्षों को तय तिथि पर उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

अंचलाधिकारी डॉ. सुमन सौरभ ने बताया कि भूमि विवादों के कारण अक्सर लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिए नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित किया जा रहा है, ताकि मामलों का निष्पक्ष और शीघ्र निपटारा किया जा सके।

उन्होंने कहा कि कई बार वादी और प्रतिवादी निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं होते, जिससे मामलों के निष्पादन में विलंब होता है। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों से समय पर उपस्थित होकर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की, ताकि भूमि विवादों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# प्रधान शिक्षिका पर अनियमितता के आरोप, जांच की उठी मांग

संजय वर्मा



नवादा (अपना नालंदा)। हिसुआ प्रखंड के मध्य विद्यालय नरहतपुर फुलवरिया में विद्यालय संचालन को लेकर विवाद गहरा गया है। विद्यालय की प्रधान शिक्षिका रंजू कुमारी पर अनियमितता और लापरवाही बरतने के आरोप लगाते हुए ग्रामीणों, अभिभावकों तथा विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों ने शिक्षा विभाग से जांच की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में बच्चों को मध्याह्न भोजन योजना के तहत निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। बच्चों को नियमित रूप से फल, हरी सब्जी और दाल नहीं मिलने की शिकायत भी सामने आई है। अभिभावकों का कहना है कि इससे बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

इसके अलावा विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक नियमित रूप से नहीं होने तथा सचिव के हस्ताक्षर के बिना राशि निकासी किए जाने का आरोप भी लगाया गया है। ग्रामीणों ने इस मामले की जांच कर वित्तीय अनियमितताओं की सत्यता सामने लाने की मांग की है।आवेदन में यह भी कहा गया है कि प्रधान शिक्षिका की विद्यालय में उपस्थिति नियमित नहीं रहती, जिससे पठन-पाठन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। विद्यालय में समय पर घंटी नहीं बजने, खेलकूद एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के नियमित संचालन में कमी तथा विद्यार्थियों की निगरानी और अनुशासन व्यवस्था कमजोर होने की शिकायत भी की गई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय की व्यवस्था में लगातार गिरावट आ रही है, जिससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग की है।

# सनोज राजबंशी की असामयिक मृत्यु से गांव और विद्यालय शोकाकुल

संजय वर्मा



नवादा (अपना नालंदा)। पकरीबरावां प्रखंड के बिहटा गांव निवासी एवं प्राथमिक विद्यालय ओरानी, कोनन्दपुर में कार्यरत 30 वर्षीय शिक्षा सेवक सनोज राजबंशी के असामयिक निधन से शिक्षा सेवकों, शिक्षकों तथा स्थानीय समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। सड़क दुर्घटना में हुई उनकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम सनोज राजबंशी अपने एक रिश्तेदार के यहां बुधौली गांव से अपने भाई को छोड़कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रोह-शेखपुरा मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक अपने पीछे वृद्ध मां, पत्नी, 14 वर्षीय पुत्री संध्या कुमारी, 10 वर्षीय पुत्र अंशु कुमार तथा 8 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार को छोड़ गए हैं। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# परीक्षा अव्यवस्था के विरोध में अभाविप ने फूंका प्रशासन का पुतला



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) की बिहारशरीफ नगर इकाई ने परीक्षा व्यवस्था में कथित अव्यवस्था और छात्रों की समस्याओं को लेकर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय प्रशासन, संबंधित महाविद्यालय प्रशासन तथा नालंदा कॉलेज प्राचार्य के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं परिषद कार्यकर्ता शामिल हुए।इस अवसर पर अभाविप नालंदा के जिला संयोजक प्रतीक राज ने कहा कि वर्तमान में आयोजित परीक्षाओं के दौरान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय प्रशासन की गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। परीक्षा कक्षों में निर्धारित क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को बैठाया जा रहा है, जिससे छात्रों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साहिल मेहता ने कहा कि भीषण गर्मी में एक ही कमरे में अत्यधिक छात्रों की उपस्थिति से घुटन, उमस और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अदिति ने बताया कि कई विद्यार्थियों को चक्कर आने, बेचैनी और असहजता की शिकायत हो रही है। विभाग छात्रा प्रमुख गुड़िया कुमारी ने मांग की कि परीक्षा कक्षों में निर्धारित क्षमता के अनुसार ही छात्रों को बैठाया जाए, अतिरिक्त कक्षों की व्यवस्था की जाए तथा पंखा, पेयजल सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। नगर मंत्री अविनाश कुमार ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो छात्रहित में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में नेहा कुमारी, सिमरन कुमारी, मनीषा कुमारी, मुस्कान कुमारी, विवेक कुमार, रजनीश कुमार, लभ गोप, रोहित महतो, अभिषेक रौशन, अनमोल कुमार, शांतनु कुमार, हिमांशु कुमार, इशांत कुमार और शिवम कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भोजपुरी ओटीटी पर दस्तक देगी 'महाश्मशान', हुआ भव्य शुभारंभ



मुंबई(अपना नालंदा)। भोजपुरी मनोरंजन जगत की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज 'महाश्मशान' का शुक्रवार को भव्य मुहूर्त संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेत्री Deepika Chikhalia ने सीरीज का औपचारिक शुभारंभ करते हुए पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में निर्माता एवं लेखक धीरज मिश्रा, सह-निर्मात्री इशिका मिश्रा, निर्देशक राजा रणदीप गिरी, अभिनेता कुणाल सिंह राजपूत, गोलू तिवारी, प्रशांत राय, परी सिंह, गौरव उपाध्याय, जीसान खान, लाइन प्रोड्यूसर महेश उपाध्याय तथा प्रचारक संजय भूषण पटियाला सहित कई कलाकार और तकनीकी सदस्य उपस्थित रहे।मुहूर्त समारोह के दौरान दीपिका चिखलिया ने कहा कि 'महाश्मशान' शीर्षक अपने आप में जिज्ञासा और उम्मीद पैदा करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह वेब सीरीज दर्शकों को एक अलग अनुभव देगी। साथ ही उन्होंने क्षेत्रीय भाषा और स्थानीय कहानियों पर आधारित रचनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए पूरी टीम के प्रयासों की प्रशंसा की। निर्माता धीरज मिश्रा ने कहा कि दीपिका चिखलिया द्वारा मुहूर्त किया जाना पूरी टीम के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि सीरीज की कहानी और प्रस्तुति पर विशेष मेहनत की गई है। सह-निर्मात्री इशिका मिश्रा ने भी दर्शकों के भरपूर समर्थन की उम्मीद जताई।निर्देशक राजा रणदीप गिरी ने बताया कि 'महाश्मशान' एक अनोखी और विचारोत्तेजक कहानी पर आधारित वेब सीरीज है, जिसकी शूटिंग मई के अंतिम सप्ताह से शुरू होगी। इसमें कुणाल सिंह राजपूत, गोलू तिवारी, प्रशांत राय, परी सिंह, गौरव उपाध्याय, शिवम सिंह, विवेक त्रिपाठी और जीसान खान मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।कार्यक्रम में स्टेज ओटीटी की ओर से अमर दुबे और धर्मेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मंच नए कलाकारों और रचनात्मक कहानियों को अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है तथा मनोरंजन जगत में नए प्रयोगों को बढ़ावा देता रहेगा।

# डिग्री कॉलेज स्थानांतरण के विरोध में एसएफआई का आंदोलन तीसरे दिन जारी

नगरनौसा (अपना नालंदा)। नगरनौसा डिग्री कॉलेज को प्रखंड मुख्यालय से स्थानांतरित कर कैला पंचायत के लोदीपुर ले जाने के विरोध में भारत का छात्र फेडरेशन (एसएफआई) का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारी छात्रों और स्थानीय लोगों ने कॉलेज को पुनः नगरनौसा में संचालित करने की मांग दोहराई।आंदोलन का नेतृत्व कर रही एसएफआई की राज्य अध्यक्ष कांति कुमारी ने कहा कि लंबे संघर्ष और जनआंदोलन के बाद नगरनौसा में डिग्री कॉलेज की स्थापना हुई थी, लेकिन कुछ लोगों के प्रभाव के कारण इसे मुख्यालय से हटाकर लोदीपुर स्थानांतरित कर दिया गया, जो छात्रों के हितों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि नगरनौसा बालिका उच्च विद्यालय परिसर खाली रहने के बावजूद कॉलेज को वहां संचालित नहीं किया जा रहा है।कांति कुमारी ने बताया कि प्रखंड मुख्यालय के है, आसपास पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध जिस पर कुछ लोगों का अवैध कब्जा है। उनकी मांग है कि उक्त भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराकर वहां कॉलेज का स्थायी भवन बनाया जाए तथा तब तक डिग्री कॉलेज का संचालन नगरनौसा बाजार स्थित बालिका उच्च विद्यालय से किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। इससे पूर्व आंदोलनकारियों ने नगरनौसा बस स्टैंड के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-431 को जाम कर विरोध दर्ज कराया था।

धरना-प्रदर्शन में कांति कुमारी, रिशु कुमार, जय प्रकाश कुमार, ऋषि कुमार, पप्पू कुमार, धर्मदेव कुमार, मोनी कुमार, गायत्री कुमारी तथा सावित्री कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# दो माह से वेतन लंबित, नालंदा के शिक्षक परेशान और नाराज

आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के नियोजित शिक्षक पिछले दो माह से वेतन भुगतान नहीं होने के कारण गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। मार्च 2026 से जिले के हजारों शिक्षकों का वेतन लंबित रहने से शिक्षकों में भारी नाराजगी है और शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। वेतन नहीं मिलने से कई शिक्षकों के सामने परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक खर्चों की व्यवस्था करना मुश्किल हो गया है।

जानकारी के अनुसार नियोजित शिक्षकों का वेतन जीओबी एवं एसएसए मद से भुगतान किया जाता है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), नालंदा के अनुसार जीओबी मद के शिक्षकों के लिए अब तक आवश्यक आवंटन उपलब्ध नहीं हो सका है, जिसके कारण मार्च माह से वेतन भुगतान अटका हुआ है। वहीं एसएसए मद के शिक्षकों का वेतन सीएफएमएस प्रणाली में तकनीकी समस्या के कारण ट्रेजरी में बिल प्रस्तुत नहीं हो पाने से लंबित है।

वेतन भुगतान में लगातार हो रही देरी से शिक्षकों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। कई शिक्षक कर्ज लेकर घर का खर्च चला रहे हैं, जबकि मानसिक तनाव भी बढ़ता जा रहा है।इस संबंध में बिहार पंचायत नगर प्रारम्भिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सूर्यकांत सिंह कांत ने मुख्यमंत्री समेत संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर शीघ्र वेतन भुगतान की मांग की है। जिला संयोजक रितेश कुमार और जिला सचिव अमित कुमार ने कहा कि बिना वेतन दो माह तक परिवार चलाना बेहद कठिन हो गया है। शिक्षक नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो शिक्षकों का आक्रोश आंदोलन का रूप ले सकता है।

## चार बाइक सवार बदमाशों ने हथियार के बल पर टेंपो लूटा

सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। बेन थाना क्षेत्र में अपराधियों ने पिस्तौल के बल पर एक सीएनजी टेंपो और दो मोबाइल फोन लूट लिए। घटना के बाद पीड़ित चालक ने बेन थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।जानकारी के अनुसार खुदागंज थाना क्षेत्र के बौरीडीह गांव निवासी विष्णुदेव यादव के 25 वर्षीय पुत्र निरंजन कुमार सीएनजी टेंपो (बीआर-21पीए-1005) चलाते हैं। चालक ने बताया कि वह बिहारशरीफ से यात्रियों को छोड़कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान कोल्हुआ और दहा घाट के बीच चार मोटरसाइकिलों पर सवार अपराधियों ने टेंपो को ओवरटेक कर रोक लिया।पीड़ित के अनुसार अपराधियों ने उसकी कनपटी पर पिस्तौल सटा दी और जान से मारने की धमकी देते हुए टेंपो तथा उसके पास मौजूद दो मोबाइल फोन लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी मौके से फरार हो गए।घटना के बाद चालक किसी तरह बेन थाना पहुंचा और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आवेदन के आधार पर छानबीन कर रही है तथा अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आसपास के क्षेत्रों में जांच शुरू कर दी गई है।

इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

## पेट्रोल पंप के पीछे खेत में मिला युवक का संदिग्ध शव

विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

नूरसराय (अपना नालंदा)। नूरसराय थाना क्षेत्र के परिऔना गांव स्थित एक पेट्रोल पंप के पीछे सब्जी के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

मृतक की पहचान सोहसराय थाना क्षेत्र के सोहडीह मोहल्ला निवासी बालो महतो के 45 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार के रूप में की गई है।